भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2558

उत्तर देने की तारीख 16 मार्च, 2020

26 फाल्गुन, 1941 (शक)

बिहार में स्टेडियमों का निर्माण

2558. श्री रामनाथ ठाकुरः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि सरकार द्वारा खिलाड़ियों में खेल के प्रति सम्मान लाने के लिए देश में कई नए स्टेडियमों का निर्माण करने का निर्णय लिया गया था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) देश में कितने नए स्टेडियम बनाने का निर्णय लिया गया था और उनमें से बिहार में कितने स्टेडियम बनाए गए हैं ?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (ग): 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण स्टेडियमों के निर्माण सहित खेल अवसंरचना उपलब्ध कराने का उत्तरदायित्व राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र सरकारों का है । केंद्रीय सरकार राज्य सरकारों के प्रयासों की पूर्ति करती है । बिहार सहित देश में किसी स्टेडियम के निर्माण संबंधी कोई प्रस्ताव केंद्रीय सरकार के पास विचाराधीन नहीं है ।

****